# पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्रों के लिए भा.कृ.अनु.प. का अनुसंधान परिसर,उमियम (मेघालय)

## मुख्यालय में हिन्दी सप्ताह का आयोजन

संस्थान के तत्वावधान में 08 से 12 सितम्बर 2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह का शुभारंभ एक भव्य समारोह में निदेशक डॉ• एस. वी. ङचान द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् संस्थान में कार्यरत श्री देवी शरण पाण्डे द्वारा मधुर संगीतमय सरस्वती वन्दना का गायन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिर्थि डा. रेडडी, प्रभागाध्यक्ष **राष्ट्रीय अकादमी कृषि अनुसंधान प्रबंधन (हैद्राबाद)** एवं डा. के मिश्रा राष्ट्रीय पादप संसाधन ब्यूरो, उमियम के प्रभारी एवं वैज्ञानिक, कर्मचारीगण उपस्थित थे। सर्व प्रथम प्रभारी उपनिदेशक (रा.भा.) श्री के सी. जोशी ने पूरे वर्ष 2013–14 की हिन्दी कार्यान्वयन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिर्थि डा. रेडडी एवं डा. के मिश्रा ने भी हिन्दी को बढ़ाने के लिए अपने विचार रखें। अन्य प्रवक्ता में बोलने वाले डा. वेन्कटेश (कृषि वानिकी) थे। तत्पश्चात् संस्थान के निदेशक डा. एस. वी. ङ•चान ने अपने सम्बोधन में हिन्दी को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और जिनको हिन्दी का कार्य साधक ज्ञान प्राप्त नहीं है, वे शीघ्र ही भारत सरकार के प्रशिक्षण केन्द्र से प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ के पाठ्यकमों में सम्मिलित होकर हिन्दी का ज्ञान प्राप्त करें। इसके बाद उद्घाटन समारोह का हिन्दी अनुभाग द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए समापान किया गया।

दिनांक 09 सितम्बर को हिन्दी भाषाण प्रतियोगिता, एवं हिन्दी तात्कालिक वाक् प्रतियोगिता में वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। दिनांक 10 सितम्बर को हिन्दी कविता पाठन प्रतियोगिता में भी वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया और तीन वर्ग के समूह ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। 11 सित. को प्रशासनिक, वैज्ञानिकों तथा तकनीकी अधिकारियों के लिए एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर श्री एच सी जोशी निदेशक (रा.भा.) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि भवन, मुख्यालय के प्रमुख व्याख्याता थे। उन्होंने हिन्दी एवं राजभाषा की संवैधानिक जानकारी देते हुए प्रशासनिक स्टाफ का मनोबल बढ़ाया। दूसरा सत्र श्री के सी जोशी प्रभारी उपनिदेशक राजभाषा द्वारा हिन्दी प्रशासनिक शब्दों का अंग्रेजी रूपान्तर स्टाफ द्वारा करवाया जिससे संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों काफी प्रेरित हुए क्योंकि इसके द्वारा उन्हें इस विषय में नयी जानकारी प्राप्त हुई।

दिनांक 12 सितम्बर को हिन्दी दिवस का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस दिन इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ• एस. वी. ङचान, डा. एन.एस. आजाद ठाकुर एवं मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पादप संसाधन ब्यूरो, उमियम के प्रभारी ने समस्त प्रतियोगिताओं के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और अपने सम्बोधन में कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में हिन्दी सम्पर्क भाषा के रूप में विकसित हो रही है। अन्त में हिन्दी अनुभाग में कार्यरत श्रीमती शांती धोज सुनार ने निदेशक के मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया तथा स्टाफ के भरपूर सहयोग के लिए सबको धन्यवाद प्रदत्त किया।

# हिन्दी सप्ताह का आयोजन 2014



उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्जवलित करते हुए मुख्य अतिथि डा रेडडी।



डॉ• एस. वी. ङचान, उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्जवलित करते हुए।




डॉ• एस. वी. ङचान, मुख्य अतिथि डा. ए. के. मिश्रा श्री के सी जोशी प्रभारी उपनिदेशक राजभाषा।




श्री के .सी .जोशी, प्रभारी उपनिदेशक राजभाषा 2013–14 की गतिविधियों को बताते हुए।




मुख्य अतिथि डा रेडडी हिन्दी भाषा को महत्व देते हुए।




डॉ• एस. वी. ङचान, निदेशक सम्बोधन करते हुए।

# हिन्दी कार्यशाला का आयोजन



श्री एच सी जोशी निदेशक(रा.भा.) हिन्दी कार्यशला दीप प्रज्जवलित करते हुए।



श्री के सी जोशी हिन्दी कार्यशला प्रभारी उप निदेशक(रा.भा.) दीप प्रज्जवलित करते हुए।




हिन्दी कार्यशला में श्री एच सी जोशी को सम्मानित करते हुए।



हिन्दी कार्यशला में भाग लेते हुए संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारिगण।




निदेशक श्री एच सी जोशी (रा.भा.)द्वारा हिन्दी कार्यशाला का प्रथम सत्र ।



संस्थान के स्टाफ द्वारा संस्थान गीत प्रस्तुत।

# हिन्दी सप्ताह का समापन समारोह





समापन समारोह में उपस्थित निदेशक डॉ• एस. वी. ङचान, प्रभारी निदेशक डा. एन एस आजाद ठाकुर प्रभारी उपनिदेशक (रा.भा.)।





संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारिगण समारोह में उपस्थित।





संस्थान के पुरस्कृत विजेता जिन्होंने प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया।





संस्थान के पुरस्कृत विजेता जिन्होंने प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया।

**<u>प्रमाणपत्र / Certificate</u>**

# हिन्दी सप्ताह / Hindi Week

**<u>प्रमाणपत्र / Certificate</u>**

## हिन्दी कार्यशाला/ Hindi Workshop